तापमान
अधिकतम 23.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, बुधवार 14 जनवरी 2026

12 समय से पहले सूखे नदी-नाले, रसेला में जल संकट...

12 खुले में बिखरा कीटनाशक दे रहा हादसों को न्योता,...

खबर संक्षेप

एनएच130 सी पर पलटे धान से भरे दो ट्रक

मैनपुर। मंगलवार को नेशनल हाइवे 130 सी मैनपुर गरियाबंद मार्ग में बिन्द्रानवागढ़ के पास तेज रफ्तार धान से भरा ट्रक पलट गया जिसमें चालक को हल्की चोट आयी है तो वहीं मैनपुर देवभोग मार्ग में तौरेंगा और कोदोमाली के बीच धान से भरी ट्रक पलट गई। इन दिनों धानल परिवहन कार्य चल रहा है और अनियंत्रित गति ओवरलोड के चलते जहां एक ओर सड़को की हालत खराब हो रही है वही दूसरी ओर दुर्घटनाएं बढ़ गई है।

समय से पहले आम के पेड़ों में बौर आने लगे

मैनपुर। मैनपुर क्षेत्र के आम के वृक्षों में इस वर्ष समय से पहले आम के बौर आने लग गए हैं। तहसील मुख्यालय सहित क्षेत्र के अधिकांश आम के वृक्ष बौर से लदे हुए है। इस तस्वीर को शेख हसन खान ने महुआभाठा में अपने कैमरे में कैद किया।



कोसमबूढ़ा घाट पर मकर संक्रांति मेला महोत्सव आज

छुरा। नगर के कोसमबूढ़ा घाट पर मकर संक्रांति मेला महोत्सव का आयोजन 14 जनवरी को किया गया। जिसमें सुबह 8:00 बजे से रुद्राभिषेक हवन पूजन, दोपहर 1:00 बजे अतिथियों का स्वागत एवं रात्रि कालीन कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम का मुख्य अतिथि विष्णु नागेश जनता सदस्य, अध्यक्षता किरण ठाकुर सरपंच एवं विशिष्ट तिथि उमेश सिंह सोरी पूर्व सरपंच होंगे। कार्यक्रम में सर्व समाज के सभी समाज प्रमुख उपस्थित होंगे। कार्यक्रम रात्रिकालीन छन्नू मन्नू नाचा पार्टी नीपनी बालोद का होगा।

मां शाकम्भरी महोत्सव का आयोजन 18 को

गरियाबंद। मरार पटेल समाज द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले मां शाकम्भरी महोत्सव 2026 का आयोजन इस वर्ष 18 जनवरी 2026 को किया जाएगा। इसी अवसर पर नव नियुक्त जिला अध्यक्ष का शपथ ग्रहण समारोह भी आयोजित होगा। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में समाजजन शामिल होंगे। महोत्सव का आयोजन गांधी मैदान, गरियाबंद में किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे कलश यात्रा से होगी। दोपहर 12 बजे सामाजिक अतिथियों का स्वागत एवं उद्बोधन, दोपहर 2 बजे मुख्य अतिथि स्वागत एवं उद्बोधन तथा दोपहर 2.30 बजे जिलाध्यक्ष का शपथ ग्रहण समारोह प्रस्तावित है। आयोजकों ने समाज के सभी सदस्यों एवं आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

सेमरा में मड़ई मेला कल

नवापारा-राजिम। ग्राम सेमरा में 15 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन रखा गया है। रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी नवा किरण भंडारपुर डोगरगढ़ का कार्यकम रखा गया है। कमलेश यदु ने लोगो को बड़ी संख्या में उपस्थित होकर मड़ई मेला को सफल बनाने आग्रह किया है।

महुआ शराब जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

महासमुंद। शराब का अवैध परिवहन कर रहे आरोपियों को बसना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 12 जनवरी को मुखबीर की सूचना पर आरोपी कृष्णा कोसले, इंद्रकुमार धृतलहरे के कब्जे से कुल 10 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 2000 रुपए व एक मोटर साइकिल को बरामद किया गया।

राजिम कुंभ कल्प मेला का प्रदेश स्तरीय होगा भव्य आयोजन : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

कलेक्टर बीएस उइके ने मंगलवार को राजिम के विश्राम गृह में जिला अधिकारियों की समय-सीमा की बैठक लेते हुए राजिम कुंभ कल्प मेला 2026 की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राजिम कुंभ कल्प मेला प्रदेश स्तरीय होगा। तथा इस मेला का आयोजन भव्य रहेगा। जिसमें श्रद्धालु, साधु-संत, कलाकार एवं दर्शनार्थी राजिम पहुँचेंगे। ऐसे में सभी विभागों को समय-सीमा के भीतर अपने-अपने दायित्वों को पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ निर्वहन करना होगा, ताकि मेला निर्विघ्न, सुरक्षित और सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके। कलेक्टर ने राजिम कुंभ कल्प मेला स्थल पर मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर जोर देते हुए कहा कि पेयजल, स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाएँ, सुरक्षा व्यवस्था, आवागमन, पार्किंग प्रबंधन, विद्युत आपूर्ति एवं प्रकाश व्यवस्था जैसे सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ पूर्ण गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेला क्षेत्र में प्रवेश मार्गों की मरम्मत, साफ-सफाई, अस्थायी शौचालयों की व्यवस्था तथा चिकित्सा शिविरों की स्थापना समय रहते पूरी कर ली जाए। उन्होंने पुलिस विभाग को भीड़ प्रबंधन, यातायात कंट्रोल और सुरक्षा की दृष्टि से विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेला स्थल पर सीसीटीवी कैमरों की स्थापना, कंट्रोल रूम संचालन ▶▶| शेष पेज 10 पर

नदी किनारे बनेंगे कनेक्टिंग रोड और बस की होगी सुविधा

मूलभूत सुविधाओं पर विशेष जोर

बैठक में कलेक्टर श्री उइके ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गंगा आरती स्थल से मेला स्थल तक नदी किनारे कनेक्टिंग रोड़, सजावट, लाईटिंग, शौचालय, हाईमास्क लाईट, कन्ट्रोल रूम, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल के लिए पाईप लाईन, बस स्टैंड से नवीन मेला स्थल तक श्रद्धालुओं को लाने-ले जाने के लिए निर्धारित शुल्क पर बस की व्यवस्था, नया एवं पुराना मेला स्थल में पर्याप्त संख्या में दाल भात केंद्र, दुकानों की व्यवस्था, फूड जोन, साधुओं के लिए कुटिया निर्माण, पुलिस विभाग को सुरक्षा के पर्याप्त व्यवस्था, सीसीटीवी, कंट्रोल रूम एवं फायर ब्रिगेड आदि की व्यवस्था, साफ सफाई, कचरा निष्पादन, डस्टबिन की व्यवस्था तथा मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों का रंग रोगन एवं साफ सफाई के निर्देश दिए गए।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह में 140 से अधिक जोड़े लेंगे फेरे

बैठक पश्चात कलेक्टर श्री उइके ने अधिकारियों सहित नए एवं पुराने मेला स्थल पहुंचकर विभिन्न आयोजनों के लिए निर्धारित स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने मेला स्थल का अवलोकन करते हुए मंच व्यवस्था, वीआईपी पार्किंग, सामान्य पार्किंग, मीना बाजार, फूड जोन, कन्ट्रोल रूम, आम नागरिकों के लिए आवागमन एवं हेलीपैड स्थल, राजीव लोचन मंदिर, संत संमागम एवं गंगा आरती स्थल का निरीक्षण किया। उन्होने बताया कि इस बार प्रदेश के साधु-संतो कि संख्या अधिक रहेगी। उन्होंने कहा कि सड़कों पर अनावश्यक जाम की स्थिति न रहे इसके लिए प्रशासन पहले से तैयारी करें। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक पाण्डे ने बताया कि इस बार मेले में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत लगभग 140 जोड़ो से अधिक कन्याओं का विवाह कराया जाएगा।

अपराध : चोरों ने पीछे के एग्जास्ट खिड़की को कटर से काटकर अंदर प्रवेश किया, 29 मिनट दुकान के भीतर रहे

नवापारा में 52 लाख की चोरी, ज्वेलरी शॉप से 30 किलो चांदी और सोना पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवापारा में बीती सोमवार की रात शहर के एक ज्वेलरी शॉप में चोरी की बड़ी घटना हो गई। अज्ञात चोर करीब 52 लाख 13 हजार रूपए की घटना को अंजाम दिए है। घटना की रिपोर्ट पर नवापारा पुलिस एक्शन में आ गई है। अज्ञात चोरो की पतासाजी के लिए पुलिस के एक्सपर्ट टीम, डॉग एवं फिंगर प्रिंट विशेषज्ञ नवापारा पहुंच गए है। चोरी की यह घटना कमलेश क्लॉथ एंड ज्वेलरी शॉप में हुआ है। चोर यहां से 30 किलो चांदी, 70 ग्राम सोना और 2 लाख 13 हजार रूपए दुकान के ही हरा रंग के बैग में भरकर ले गए। संचालक मनोज ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि उनका यह ज्वेलरी शॉप नदी किनारे गंज मार्ग पर वार्ड नं 15 में है जहां दुकान नीचे परिसर में है और निवास ऊपर में। बताया कि सीसी टीवी में दो लोग नजर आ रहे है जिसमें से एक पतला-दुबला है और दूसरा सामान्य कद काठी का जो रात 2 : 48 बजे दुकान के पीछे के एग्जास्ट फैन वाले लोहे की जाली को कटर से काटकर बेसमेंट के रास्ते अंदर प्रवेश करते है और 3 बजकर 17 मिनट में सोना, चांदी ▶▶| शेष पेज 10 पर

अपराधी बेखौफ होकर वारदात को दे रहे हैं अंजाम

खास बात यह है कि शहर में बढ़ती आपराधिक घटनाएं, पुलिस चौकी की सख्त जरूरत शहर में चोर-उचक्कों, गुंडे-बदमाशों और असामाजिक तत्वों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। चोरी और गुंडागर्दी की घटनाएँ आम हो चुकी हैं। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि अब डकैत किस्म के अपराधी भी बेखौफ होकर वारदात को अंजाम दे रहे हैं। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि पुलिस थाना शहर से लगभग एक किलोमीटर दूर स्थित है, जिसकी जानकारी अपराधियों को पूरी तरह है। अपराधियों को यह भरोसा हो गया है कि शहर के भीतर तत्काल पुलिस कार्रवाई संभव नहीं है, इसी वजह से वे दिन-दहाड़े अपराध करने से भी नहीं डर रहे हैं। आम नागरिकों में भय का माहौल है, व्यापारियों और महिलाओं में असुरक्षा की भावना गहराती जा रही है, लेकिन इसके बावजूद पुलिस प्रशासन की ओर से कोई ठोस और स्थायी व्यवस्था अब तक नहीं की गई है।

हरिभूमि ने 4 जनवरी के अंक में किया था पुलिस व प्रशासन को अलर्ट

आपको बता दें कि हरिभूमि ने 4 जनवरी के अंक में 7-8 की संख्या में आधी रात के बाद चेहरा ढंके सीसीटीवी में कैद हुए संदिग्ध युवको के संबंध में खबर प्रकाशित किया था। यह वीडियो सदर रोड स्थित चांदनी चौक क्षेत्र का बताया गया था, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था। वीडियो में कुछ युवकों के हाथों में हथियार भी थी। जिसके बाद से नगर में भय का माहौल बन गया था। व्यापारियों का आरोप है कि रेकी और संभावित वारदात के सामने आने के बावजूद पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया। यही वजह है कि चोरों के हौसले इतने बुलंद हो गए और उन्होंने शहर के बीचोंबीच इतनी बड़ी चोरी को अंजाम दे दिया। घटना को लेकर व्यापारियों में रोष, सुरक्षा की मांग के लिए मौके पर एकत्र हो गए। नगर के सराफा और वस्त्र व्यवसायियों ने एकजुट होकर पुलिस की रात्रि गश्त, पेट्रोलिंग और निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े किए है। व्यापारियों ने क्षेत्र में गश्त बढ़ाने, सीसीटीवी नेटवर्क मजबूत करने और जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। फिलहाल पुलिस घटना की जांच में जुट गई है। इस घटना को लेकर टीआई दिपेश जायसवाल नेकहा कि पुलिस हर एंगल से इसकी जांच में लग गई है। रायपुर से एक्सपर्ट यहां पहुंच गए है। पुलिस डॉग नदी के किनारे-किनारे तक पहुंचा है। फिंगर एक्सपर्ट भी मौके का निरीक्षण किया है। पुलिस ने आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार किए जाने की बात कही है।

आयुष विश्वविद्यालय में चोरी, पांच एसी के कंप्रेसर व कॉपर पाइप पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

नवा रायपुर अटल नगर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय (उपरवारा) में चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने विश्वविद्यालय की 'उपाधि शाखा' की छत पर लगे 5 एयर कंडीशनर के आउटर यूनिट को निशाना बनाया और कीमती सामान लेकर फरार हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना 5 जनवरी की शाम कार्यालय बंद होने के बाद और 6 जनवरी की सुबह के बीच हुई। 5 जनवरी को शाम 5:30 बजे सभी अधिकारी-कर्मचारी काम खत्म कर घर चले गए थे। अगले दिन सुबह 10 बजे जब कर्मचारी दफ्तर पहुंचे, तो उपाधि शाखा के टेरेस (छत) पर लगे एसी आउटर क्षतिग्रस्त हालत में मिले।अधिकारियों ने जब बारीकी से निरीक्षण किया, तो पाया कि चोरों ने शातिर तरीके से 5 नग एसी आउटर के भीतर लगे कंप्रेसर और कॉपर पाइप निकाल लिए हैं। चोरी गए सामान की कुल अनुमानित कीमत लगभग 50 हजार रुपये बताई जा रही है। विश्वविद्यालय प्रबंधन ने अपने स्तर पर जांच के बाद 13 जनवरी को इसकी आधिकारिक रिपोर्ट दर्ज कराई। विश्वविद्यालय के उप-कुलसचिव ने राखी थाना पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। नवा रायपुर जैसे हाई-प्रोफाइल और सुरक्षित माने जाने वाले क्षेत्र में, एक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय परिसर के भीतर इस तरह की चोरी ने वहां की सुरक्षा व्यवस्था और नाइट पेट्रोलिंग पर गंभीर प्रश्नचिन्ह लगा दिए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

किसान 15 तक नया पंजीयन और 31 तक कर सकेंगे सभी प्रकार के संशोधन

गरियाबंद। जिले में किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एकीकृत किसान पोर्टल में नवीन पंजीयन एवं संशोधन की समय-सीमा निर्धारित की गई है। उप संचालक कृषि कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार किसान 15 जनवरी 2026 तक नया पंजीयन कर सकते हैं, जबकि सभी प्रकार के संशोधन 31 जनवरी 2026 तक किए जा सकेंगे। इसमें केसीसी फॉरवर्ड, वन अधिकार पट्टाधारी किसानों का नवीन पंजीयन, त्रुटिपूर्ण आधार के मामलों में पूर्व पंजीयन निरस्त कर पुनः पंजीयन तथा राजस्व विभाग द्वारा की गई गिरदावरी एवं भौतिक सत्यापन के आधार पर जिला कलेक्टर की अनुशंसा से नवीन पंजीयन किया जाएगा। कृषि विभाग ने सभी किसानों से अपील की है कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपनी निकटस्थ सहकारी ▶▶| शेष पेज 10 पर

दो महीने में 1 करोड़ रूपए से अधिक का अवैध धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद।

गरियाबंद पुलिस ने दीगर राज्यों से हो रहे अवैध धान परिवहन एवं बिक्री के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए विगत दो माह 04 दिवस में 3625.75 क्विंटल अवैध धान जप्त किया है। जप्त धान की कुल अनुमानित कीमत 01 करोड़ 13 लाख 39 हजार 825 रुपये बताई गई है। पुलिस ने यह कार्रवाई विशेष अभियान के तहत की है। दिनांक 13 जनवरी 2026 को थाना देवभोग, अमलीपदर, इंदागांव एवं छुरा पुलिस द्वारा एक साथ कार्रवाई करते हुए 10 पृथक-पृथक प्रकरणों में 614 कट्टा अवैध धान जप्त किया गया। जप्त धान का कुल वजन 245.6 क्विंटल एवं अनुमानित मूल्य 07 लाख 61 हजार 360 रुपये है। पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर सीमावर्ती क्षेत्रों में चेक पोस्ट लगाकर दीगर राज्यों से आने वाले धान के अवैध परिवहन पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। छत्तीसगढ़ शासन के प्रावधान अनुसार समर्थन मूल्य पर धान खरीदी केवल पंजीकृत किसानों से एवं निर्धारित धान खरीदी केंद्रों पर ही की जाती है। मुखबिर ▶▶| शेष पेज 10 पर

मकर संक्रांति पर 23 साल बाद एकादशी का दुर्लभ संयोग, सर्वार्थ अमृत सिद्धि योग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

साल 2026 की मकर संक्रांति इस बार यह पर्व बेहद खास माना जा रहा है क्योंकि करीब 23 साल बाद मकर संक्रांति पर षट्तिला एकादशी का दुर्लभ संयोग बन रहा है, इससे पहले ऐसा योग वर्ष 2003 में बना था। महाराज गोलू शर्मा ने बताया कि इस दिन सूर्य देव मकर राशि में प्रवेश करेंगे और उत्तरायण की शुरुआत होगी, साथ ही सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग का निर्माण भी हो रहा है, मकर संक्रांति का पुण्यकाल 14 जनवरी को शाम 3 : 04 बजे से 5.57 बजे तक रहेगा। धार्मिक मान्यता है कि इस पवित्र योग में की गई पूजा,दान और व्रत कई गुना अधिक फलदायक होते हैं। मकर संक्रांति आमतौर पर हर साल 14 जनवरी को मनाई जाती है। शर्मा ने कहा कि एकादशी और संक्रांति के पावन पर्व पर दोनों ही संयम के पर्व है, इस दिन क्रोध,कटु वचन और झगड़ा करने से नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, जिससे घर में सुख समृद्धि का नाश होता है। शास्त्रों में मकर संक्रान्ति को अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने का प्रतीक माना गया है। मकर संक्रांति के बाद दिन बड़े और रातें छोटी होने लगती है, जिससे प्रकाश बढ़ता है और अंधकार कम होता है यही बदलाव जीवन में नई ऊर्जा और शुभ शुरुवात का संकेत माना जाता है। इस दिन स्नान के बाद तिल ,गुड़, ▶▶| शेष पेज 10 पर

6 महीने बाद भी बेबस महिला को सरकारी मदद का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

शासन द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति कमार और भुंजिया के उत्थान के लिए हर साल करोड़ों रुपए का बजट आवंटित किया जाता है। इनके विकास के लिए बाकायदा प्राधिकरण और परियोजनाएं संचालित हैं, लेकिन ग्राम लोहझर की एक घटना इन दावों की पोल खोल रही है। एक भुंजिया महिला दुर्घटना के 6 महीने बाद भी सरकारी सहायता के लिए तरस रही है, आलम यह है कि इलाज के लिए जमीन बिक गई और अब पति अपनी पत्नी को पीठ पर लादकर दैनिक क्रियाएं कराने को मजबूर है। घटना 6 जुलाई 2025 की है, जब लोहझर निवासी जगोती बाई भुंजिया सुनंदा बस से अपने घर लौट रही थीं। बस चालक की लापरवाही के कारण उतरते समय बस का पहिया उनके पैर पर चढ़ गया। निजी अस्पतालों में इलाज के दौरान संक्रमण और गंभीर चोट की वजह से उनका एक पैर काटना पड़ा।

- भूंजिया जनजाति की दुर्घटनाग्रस्त महिला नहीं मिला प्रशासन से मदद

इलाज में बिकी जमीन, सिर पर चढ़ा कर्ज

पीड़िता के पति जगत राम भुंजिया ने भर्राई आंखों से बताया कि वे भूमिहीन मजदूर हैं। पत्नी के इलाज के लिए उन्हें 3 से 4 लाख रुपए का कर्ज लेना पड़ा, जिसके कारण जो थोड़ी-बहुत जमीन थी, वह भी बिक गई। अब न तो हाथ में रोजगार है और न ही शरीर साथ दे रहा है। शासन की ओर से उन्हें अब तक एक बैसाखी या व्हीलचेयर तक मुहैया नहीं कराई गई है। विदित हो कि मामले की सूचना थाने में दर्ज है और शासकीय सहायता का प्रकरण तहसील कार्यालय में लंबित है। 6 महीने बीत जाने के बाद भी फाइलें दफ्तरों की धूल फांक ▶▶| शेष पेज 10 पर

मानव-हाथी द्वंद्व रोकथाम में मिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट पुरस्कार

एआई और ट्रैकिंग ऐप ने रोकी हाथियों से होने वाली जनहानि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मानव-हाथी द्वंद्व की प्रभावी रोकथाम और जनहानि को न्यूनतम स्तर पर लाने के लिए गरियाबंद जिले को 'मुख्यमंत्री उत्कृष्ट पुरस्कार 2025' से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान जिले में लागू की गई 'एलिफेंट ट्रैकिंग अलर्ट ऐप' और एआई आधारित ट्रैकिंग प्रणाली की अभूतपूर्व सफलता के लिए प्रदान किया गया।

राजधानी रायपुर में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री के हाथों गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उइके एवं उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन ने यह पुरस्कार ग्रहण किया। कलेक्टर भगवान सिंह उइके ने बताया कि गरियाबंद जिला ओडिशा, धमतरी और महाराष्ट्र की सीमाओं से सटा हुआ है, जहां हाथियों का विचरण अधिक रहता है। सीतानदी टाइगर रिजर्व के आसपास के लगभग 125 गांवों में हमेशा जनहानि का खतरा बना रहता था। इस चुनौती से निपटने के लिए वन विभाग ने हाथियों की सटीक लोकेशन का पता लगाने के लिए आधुनिक तकनीक का सहारा लिया। एलिफेंट ट्रैकिंग अलर्ट ऐप के जरिए प्रभावित गांवों ▶▶| शेष पेज 10 पर

पुरस्कारों की हैट्रिक

उल्लेखनीय है कि गरियाबंद जिले को पिछले एक वर्ष में तीन बड़े पुरस्कार प्राप्त हुए हैं:
1. जल संचयन जनभागीदारी 1.0: देश में तृतीय रैंक।
2. दिव्यांग कल्याण: राज्य स्तर पर प्रथम पुरस्कार।
3. हाथी द्वंद्व रोकथाम: मुख्यमंत्री उत्कृष्ट पुरस्कार 2025।
इस उपलब्धि पर जिले के वन अधिकारियों, कर्मचारियों और हाथी मित्र दलों में भारी उत्साह है।

जनहानि में भारी गिरावट

टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन ने सफलता के आंकड़े प्रस्तुत करते हुए बताया कि तकनीक के इस्तेमाल से मुआवजे और जनहानि में निरंतर कमी आई है:

वर्ष	मुआवजा राशि	जनहानि (मृत्यु)
2022	78 लाख	06
2023	22 लाख	03
2024	15 लाख	00
2025	10 लाख	01

दूसरे राज्यों के लिए मॉडल बना गरियाबंद

गरियाबंद जिले के इस सफल मॉडल की गूँज अब देश भर में है। इस ट्रैकिंग प्रणाली की प्रभावशीलता को देखते हुए अब मध्यप्रदेश, कर्नाटक, ओडिशा और झारखंड जैसे राज्य भी इसे अपने यहाँ लागू कर रहे हैं। भविष्य में इस क्षेत्र को एक बड़े 'कॉरिडोर' के रूप में विकसित करने की योजना है, जिससे पर्यटन बढ़ेगा और स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा।

अंधेरे में डूबे 55 गांवों ने भरी हुंकार, लिखित आश्वासन के बाद देर रात खुला जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर विकासखण्ड के राजापड़ाव और गौरगांव इलाके के हजारों ग्रामीणों ने सोमवार को अपनी बुनियादी मांगों को लेकर नेशनल हाईवे 130 सी (रायपुर-देवभोग मार्ग) पर ऐतिहासिक चक्का जाम किया। कड़ाके की ठंड के बावजूद छोटे-छोटे बच्चों और महिलाओं के साथ ग्रामीण सुबह 8 बजे से सड़क पर डटे रहे। प्रशासन के साथ चली लंबी खींचतान के बाद, रात करीब 10 बजे अपर कलेक्टर के लिखित आश्वासन पर 14 घंटे बाद यह जाम समाप्त हुआ। आंदोलन का मुख्य कारण क्षेत्र के 22 से 30 पारा-टोला गांवों में आज तक बिजली ▶▶| शेष पेज 10 पर

- नेशनल हाईवे पर 14 घंटे तक डटे रहे हजारों ग्रामीण

कड़ाके की ठंड और खुले आसमान के नीचे नारेबाजी

दिन भर नेशनल हाईवे पर आवागमन पूरी तरह ठप्प रहा, जिससे वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। रात ढलने के बाद भी जब ग्रामीण पीछे नहीं हटे, तब जिला प्रशासन हरकत में आया। मौके पर पहुंचे अपर कलेक्टर पंकज डहरे और स्थानीय अधिकारियों ने ग्रामीणों की मांगों को जायज ठहराया और बिजली विस्तार कार्य जल्द शुरू करने का लिखित आश्वासन दिया।

खबर संक्षेप

डीईओ ने दिए कमजोर छात्रों के लिए पचारात्मक शिक्षण के निर्देश

गरियाबंद। जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शैक्षणिक समीक्षा बैठक का आयोजन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय गरियाबंद किया गया। इस दौरान अर्द्ध-वार्षिक परीक्षा परिणाम पर विस्तार से चर्चा की गई। स्कूल-वार, ग्रेड-वार एवं कैटेगरी-वार विद्यालयों के प्रदर्शन की समीक्षा भी की गई। जिन विद्यालयों में बेहतर परिणाम एवं बेस्ट प्रैक्टिसेज देखने को मिलीं, उन्हें साझा किया गया तथा जिन विद्यालयों में सुधार एवं अतिरिक्त सपोर्ट की आवश्यकता है, उन पर विशेष मार्गदर्शन दिया गया। इसके अलावा आगामी प्री-बोर्ड परीक्षा एवं बोर्ड परीक्षा को लेकर ठोस रणनीति तैयार की गई। जिन विद्यार्थियों के किसी विषय में प्रदर्शन कमजोर है। उनके लिए उपचारात्मक शिक्षण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। जिला शिक्षा अधिकारी ने विषय-वार सिलेबस, प्रश्न पत्र ब्लूप्रिंट पर चर्चा करते हुए आवश्यक सुझाव दिए। साथ ही विद्यालयों के परीक्षा परिणामों की समीक्षात्मक एवं विश्लेषणात्मक चर्चा की गई। बैठक में विभिन्न प्राचार्यों द्वारा अपने-अपने विद्यालयों में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, नवाचारों एवं चुनौतियों को साझा किया। जिससे आपसी सीख एवं समन्वय को बढ़ावा मिला। इस दौरान जिला मिशन समन्वयक शिवेश कुमार शुक्ला, एडीएसओ श्याम कुमार चंद्राकर, एडीपीओ बुधविलास सिंह, एपीसी मनोज केला सहित गरियाबंद, मैनपुर, छुरा एवं फिंगेश्वर विकासखंडों के बीईओ, बीआरसी, सीसी एवं सभी ब्लॉक के प्राचार्य उपस्थित रहे।

स्वामी विवेकानंद जयंती और भाजपा नेता रामूराम का जन्मदिन एक साथ मनाया गया

फिंगेश्वर। नगर में 12 जनवरी का दिन दोहरे उत्सव के रूप में मनाया गया। एक ओर जहाँ पूरे विश्व के साथ फिंगेश्वर में स्वामी विवेकानंद की जयंती 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के रूप में मनाई गई, वहीं दूसरी ओर गरियाबंद जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता और राजिम भक्तिन माता समिति के संरक्षक रामूराम साहू का जन्मदिवस भी हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राएं और आचार्य बड़ी संख्या में आत्मानंद स्कूल के सामने स्थित विवेकानंद स्टैच्यू पहुंचे। यहाँ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रामूराम साहू ने स्वामी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की। इस दौरान पूरा परिसर 'स्वामी विवेकानंद अमर रहे' के नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र सूर्यवंशी, पूर्व सरपंच ओमप्रकाश बंछोर, वरिष्ठ नेता हरिशंकर श्रीवास्तव, इमरान खान सहित बड़ी संख्या में साहू समाज के पदाधिकारी, भाजपा कार्यकर्ता और नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

मांग : संघ ने कहा-शिक्षकों की वर्षों से लंबित मांगों का अब तक निराकरण नहीं

चार सूत्रीय मांगों को लेकर शिक्षकों का हुंकार, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक एवं समग्र शिक्षक फेडरेशन के आह्वान पर गुरुवार को जिला गरियाबंद में शिक्षकों ने मोदी की गारंटी के अंतर्गत चार सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित किया। जिलाध्यक्ष कुमेन्द्र कश्यप के नेतृत्व में फेडरेशन के पदाधिकारी व शिक्षक कलेक्टर कार्यालय पहुंचे, जहां मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन, शिक्षा मंत्री तथा प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा विभाग के नाम ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा गया।

ज्ञापन के माध्यम से फेडरेशन ने बताया कि सहायक एवं समग्र शिक्षकों की वर्षों से लंबित मांगों का अब तक निराकरण नहीं हो पाया है। इसी के विरोध में दिनांक 17 जनवरी 2026 को एक दिवसीय जिला स्तरीय आंदोलन आयोजित किया जाएगा। आंदोलन के दिन जिले के समस्त शिक्षक संवर्ग सामूहिक अवकाश अथवा हड़ताल पर रहेंगे। फेडरेशन ने प्रशासन को आंदोलन एवं हड़ताल की पूर्व सूचना देते हुए आवश्यक अनुमति प्रदान करने का अनुरोध भी किया है।

फेडरेशन की प्रमुख मांगों में सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर कर क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान करना, पूर्व सेवा की गणना करते हुए एलबी संवर्ग को समस्त लाभ देना, शिक्षक उपस्थिति के लिए वीएसके ऐप को निजी मोबाइल से अनिवार्य किए जाने की व्यवस्था समाप्त करना तथा शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करना शामिल है।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कुमेन्द्र कश्यप ने जिले के समस्त शिक्षक संवर्ग से 17 जनवरी को प्रस्तावित आंदोलन में एकजुट होकर सहभागिता निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन शिक्षकों के अधिकार, सम्मान और भविष्य से जुड़ा हुआ है, इसलिए सभी शिक्षक साथी सामूहिक अवकाश लेकर शांतिपूर्ण एवं अनुशासित तरीके से आंदोलन को सफल बनाएं।

ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रांतीय प्रवक्ता दीनबंधु वैष्णव एवं रुपिका रानी मरकाम के मार्गदर्शन में जिला संयोजक फणेन्द्र कुमार साहू, कार्यकारी जिला अध्यक्ष लोकेश्वर सोनवानी, सचिव गणेश राम दुर्गा, कोषाध्यक्ष डिगेश्वर साहू, उपाध्यक्ष फणेश्वर कंवर सहित जिला, ब्लॉक एवं महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

छात्रों ने सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह (01 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक) के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड रिबन क्लब, इंडियन यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय फिंगेश्वर तथा जिला परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में "सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा" थीम पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवादास बंजारे के समन्वय तथा नेतृत्व में एक दिवसीय विशेष यातायात जनजागरूकता अभियान तथा लर्निंग लाइसेंस शिविर स्वयंसेवकों द्वारा चलाया गया। यह अभियान भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रलय एवं छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए चलाया जा रहा है। स्वयंसेवकों ने नया बस स्टैंड एवं लर्निंग लाइसेंस शिविर स्थल फिंगेश्वर तथा शहर के मुख्य मार्ग एवं चौक चोराहों में आज हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग को बढ़ावा देने, तेज गति और शराब पीकर वाहन चलाने से रोकने, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करने और 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को 50 प्रतिशत तक कम करने, नुक्कड़-नाटक, रैली एवं नारों के माध्यम जनजागरूकता अभियान चलाया गया।

मकर संक्रांति समाज में एकता सद्भाव का संदेश देता है: शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

देशभर में मकर संक्रांति का पर्व श्रद्धा, उल्लास और परंपराओं के साथ मनाया जाएगा। यह पर्व न केवल धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, बल्कि इसके पीछे गहरा वैज्ञानिक आधार भी छिपा है। मकर संक्रांति भारतीय संस्कृति का वह पर्व है, जो प्रकृति, खगोल विज्ञान और मानव जीवन के संतुलन को दर्शाता है। उक्त बाते मैनपुर दुर्गामंदिर के पुजारी पंडित योगेश शर्मा ने बताई। मकर संक्रांति का मुख्य वैज्ञानिक आधार सूर्य का मकर राशि में प्रवेश है। इस दिन सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण की ओर गमन करता है। उत्तरायण को ऊर्जा, सकारात्मकता और शुभ काल माना जाता है।वैज्ञानिकों के अनुसार, इस समय सूर्य की किरणें पृथ्वी पर अपेक्षाकृत सीधी पड़ने लगती हैं, जिससे दिन बड़े और रातें छोटी होने लगती हैं। इससे वातावरण में गर्माहट बढ़ती है और ठंड का प्रभाव धीरे–धीरे कम होने लगता है। साथ ही, इस मौसम में तिल, गुड़ और खिचड़ी जैसे खाद्य पदार्थों का सेवन स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माना गया है। तिल में गर्म तासीर होती है, जो शरीर को सर्दी से बचाने में मदद करती है, जबकि गुड़ ऊर्जा का अच्छा स्रोत है। दुर्गा मंदिर के पुजारी पंडित योगेश शर्मा ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मकर संक्रांति के दिन गंगा स्नान और दान-पुण्य का विशेष महत्व है। शास्त्रों में उल्लेख है कि इस दिन किया गया दान कई गुना फलदायी होता है। मान्यता है कि इसी दिन भगवान सूर्य अपने पुत्र शनि से मिलने जाते हैं, जिससे पिता-पुत्र के संबंधों में मधुरता का प्रतीक माना जाता है।

उरमाल अश्लील डांस संस्कृति को नष्ट करने की साजिश : ओंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम उरमाल में आयोजित ओपेरा कार्यक्रम में परोसी गई अश्लीलता ने पूरे प्रदेश में राजनीतिक भूचाल ला दिया है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए शर्मनाक वीडियो के बाद शासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मैनपुर एसडीएम डॉ. तुलसीदास मरकाम को पद से हटा दिया है और उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। साथ ही, ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले तीन पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। बिन्द्रानवागढ़ के पूर्व विधायक एवं अखिल भारतीय अमात गोंड समाज के केंद्रीय अध्यक्ष कुमार ओंकार शाह ने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि ओपेरा के नाम पर जिस तरह की नग्नता और फुहड़ता का प्रदर्शन किया गया, उसने सार्वजनिक मर्यादा की सभी सीमाओं को लांघ दिया है। श्री शाह ने मांग की है कि केवल विभागीय कार्रवाई या स्थानांतरण काफी नहीं है, बल्कि आयोजकों और जिम्मेदार अधिकारियों पर अपराध पंजीबद्ध (FIR) होना चाहिए। पूर्व विधायक ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा की गरियाबंद क्षेत्र अपनी शांतिप्रिय संस्कृति और आपसी भाईचारे के लिए जाना जाता है। यहाँ की परंपराओं को नष्ट करने की साजिश रची जा रही है। ताज्जुब की बात है कि एक सप्ताह तक यह अश्लीलता चलती रही और प्रशासन मौन रहा। क्या अधिकारी किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहे थे?

फणीकेश्वरनाथ कालेज में स्वामी विवेकानंद की 163 वी जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

राष्ट्रीय युवा दिवस 2026, स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती के अवसर पर ''स्वयं को जगाएं,विश्व को प्रभावित करें'' थीम पर कार्यक्रम अधिकारी एवं कार्यकारी प्राचार्य डॉ. देवादास बंजारे के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना,इंडियन यूथ रेडक्रॉस, रेड रिबन क्लब तथा फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय फिंगेश्वर के छात्र–छात्रओं एवं स्वयंसेवकों के सहयोग से स्वदेशी संकल्प दौर, स्वदेशी रैली एवं स्वदेशी प्रतिज्ञा का आयोजन किया गया।

डॉ. देवादास बंजारे ने अपने वक्तव्य में बताया कि यह दिन स्वामी विवेकानंद के विचारों और आदर्शों को युवाओं तक पहुँचाने और उन्हें राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करने के लिए मनाया जाता है।भारत के नवजागरण के इतिहास में युवाओं की शक्ति, उनकी चेतना और उनके स्वाभिमान का महत्त्व सदैव सर्वोपरि रहा है।देश का प्रत्येक नागरिक विशेषकर युवा अपने भीतर निहित सामर्थ्य को पहचानें और राष्ट्रहित में उसे समर्पित करें। ष्स्वदेशी संकल्प दौड़ इसी भावना का एक जीवंत प्रतीक है,जो केवल एक दौड़ नहीं,बल्कि विचारों की यात्र, जागरूकता का प्रदर्शन और राष्ट्रनिर्माण की दिशा में एक सामूहिक पहल है। ष्स्वदेशीष केवल आर्थिक नीति नहीं, बल्कि एक मानसिकता है। अपने देश, अपनी मिट्टी, अपने श्रमिक, अपने उत्पाद और अपनी क्षमताओं पर विश्वास का संकल्प। 03 कि.मी. स्वदेशी संकल्प दौर के उपरांत महाविद्यालय परिसर से स्वामी विवेकानंद जी के प्रतिमा स्थल स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल परिसर, फिंगेश्वर तक स्वदेशी रैली निकाला गया। कार्यक्रम के अंत में डिजिटल प्लेटफॉर्म के बारे में जानकारी दिया गया जो युवाओं, महिलाओं, किसानों और स्टार्टअप्स को एक ही स्थान पर रोजगार, शिक्षा, अवसर और मार्गदर्शन प्रदान करता है।इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं, स्वयंसेवकों एवं स्टाफ उपस्थित रहे। यह जानकारी दलनायक एवं मिडिया प्रभारी कृति सिन्हा एवं हेमशरण नेताम ने दी।

टास्क फोर्स समिति में शामिल हों कलाकार प्रतिनिधि

गरियाबंद। कुंभ मेले के नाम से प्रख्यात छत्तीसगढ़ की धर्म नगरी राजिम, जिसे पद्मावतीपुरी प्रयागराज भी कहा जाता है, आज देश-विदेश में अंतरराष्ट्रीय पहचान बना चुकी है। महानदी, पैरी और सोंढूर नदियों के त्रिवेणी संगम, ऐतिहासिक मंदिरों और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के कारण राजिम को धार्मिक और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विशेष स्थान प्राप्त है। राज्य निर्माण के बाद से यहां प्रतिवर्ष राजिम महोत्सव, राजिम कुंभ, माघी पुन्नी मेला एवं कल्प कुंभ का आयोजन किया जाता रहा है, जिसमें देशभर से संतों का आगमन होता है तथा राज्य व राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों को मंच प्रदान किया जाता है। हालांकि आयोजनों के दौरान स्थानीय कलाकारों और साहित्यकारों को नियमित मंचीय अवसर नहीं मिलना दुर्भाग्यपूर्ण बताया गया है। इस संबंध में कलाकार जिला संगठन प्रमुख राजकुमार यादव एवं गौकरण मानिकपुरी ने कहा कि पूर्व में नाचा-गम्मत सहित अन्य लोक विधाओं के स्थानीय कलाकारों को मंच देना बंद कर दिया गया था। मांग और आंदोलन के बाद अतिरिक्त मंच बनाकर कलाकारों को अवसर तो दिया गया, लेकिन मानदेय राशि में कटौती कर दी गई, जो उचित नहीं है। कलाकारों ने आयोजन के दौरान छोटे-बड़े कलाकारों के बीच व्यवहार, ठहराव, बैठक एवं भोजन व्यवस्था में भी भेदभाव होने की बात कही है। इसे लेकर कलाकारों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि आयोजन की रूपरेखा में सुधार करते हुए मुख्य मंच पर प्रतिदिन चार कार्यक्रम रखे जाएं, जिनमें दो स्थानीय एवं दो राज्य अथवा राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों को प्रस्तुति का अवसर मिले। साथ ही कलाकारों की संख्या और परिवहन खर्च को ध्यान में रखते हुए मानदेय राशि में वृद्धि की जाए। इस संबंध में प्रशासन से आग्रह करने वालों में राजकुमार यादव, गौकरण मानिकपुरी, नूतन लाल साहू, संतोष व्यास, संतोष कुमार सोनकर, तुलेश्वर घृतलहरे, गंगा बाई मानिकपुरी, बाबूलाल साहू, चैतू राम तारक, बुधारु यादव, दौलत यादव, गिरवर सिंह ध्रुव, खेम बाई निषाद, शंभू राम टोंडरे, उमेश कुमार पटेल, तुलाराम साहू, महेश साहू, इकबाल खान, ठाकुर राम साहू, महेश निर्मलकर, रुक्मणी दीवान, महेश्वरी सिन्हा, हीरा बाई चक्रधारी सहित बड़ी संख्या में कलाकार शामिल हैं।

पेज 9 के शेष...

राजिम कुंभ कल्प...
तथा सुरक्षा कर्मियों की तैनाती प्रभावी ढंग से की जाए। स्वास्थ्य विभाग को एम्बुलेंस, मोबाइल मेडिकल यूनिट और प्राथमिक उपचार केंद्र उपलब्ध कराने और नगरीय निकाय के अधिकारियों को मेला परिसर एवं नगरीय निकाय राजिम की नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि राजिम कुंभ कल्प मेला गरियाबंद जिले की पहचान है। इसकी गरिमा और परंपरा को बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। सभी अधिकारी टीम भावना के साथ कार्य कर मेला को सफल बनाने में अपना शत प्रतिशत योगदान दें। श्री उइके ने बताया कि मेला स्थल में मेलार्थियों के लिए सभी सुविधा सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही दुकान, विभागीय स्टॉल एवं मीना बाजार भी लगाए जाएंगे। लोगों की आवागमन सुविधा के लिए वृहद स्तर पर पार्किंग भी बनाए जाएंगे। मेला के लिए सभी टेंडर का कार्य जल्द करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री उइके ने जिले के अधिकारियों को मेला के संबंध में दिए गए दायित्वों को तत्परता के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर, एसडीएम राजिम विशाल महाराणा, एसडीएम गरियाबंद हितेश्वरी बाघे, डीएसपी निशा सिन्हा, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता एस.के. बर्मन, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता रामेश्वर सिंह, पीएचई के कार्यपालन अभियंता विप्लव घृतलहरे, कृषि विभाग के उपसंचालक चंदन राय सहित वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

नवापारा में 52...
एवं नगद कैश को झोला में भरकर वापस निकलते दिख रहे है। यानि दुकान के भीतर 29 मिनट तक रहकर लोहे के लॉकर को तोड़ने की भरपूर कोशिस किए है। यदि वे इसमें सफल हो जाते तो लगभग 50 लाख के सोने चांदी के जेवरात को और ले जाते। बहरहाल चोरी की इस बड़ी घटना को लेकर शहर के सारे ज्वेलर्स,व्यापारियो एवं नागरिको में भय एवं रोष व्याप्त है। उल्लेखनीय है कि ज्वेलरी शॉप के संचालक को चोरी के इस घटना की जानकारी तब हुई जब वे घटना रात की बाद मंगलवार की सुबह दुकान खोलने पर सामान बिखरा पड़ा मिला, जिसके बाद चोरी का खुलासा हुआ। व्यापारी ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की तथा एफएसएल और डॉग स्क्वायड को भी बुलाया। पुलिस दुकान के भीतर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रहे हैं। बताया जा रहा है कि चोर वारदात के दौरान दुकान के पीछे कुछ हथियार भी छोड़कर फरार हो गए, जिन्हें जब्त कर लिया गया है। इन साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए हैं।

अस्थायी कार्रवाई से समस्या का समाधान नहीं- शहरवासियों की स्पष्ट मांग है कि शहर के भीतर तत्काल एक पुलिस चौकी की स्थापना की जाए, ताकि अपराधियों पर मनोवैज्ञानिक दबाव बने और आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके। केवल गश्त या अस्थायी कार्रवाई से समस्या का समाधान नहीं होगा, इसके लिए स्थायी पुलिस उपस्थिति आवश्यक है। पुलिस प्रशासन को चाहिए कि वह हालात की गंभीरता को समझे, बढ़ते अपराधों का संज्ञान ले और जनसुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शीघ्र निर्णय ले। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो स्थिति और अधिक भयावह हो सकती है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। शहर की सुरक्षा के लिए पुलिस चौकी अब आवश्यकता नहीं, अनिवार्यता बन चुकी है। शहर में पुलिसिंग बेअसर हो गया है और गुंडों-अपराधियों के हौसले बढ़ते चले जा रहे है जिससे जनता के मन में भय समा गया है। बता दें कि नवापारा शहर में पुलिसिंग की मौजूदगी के बावजूद गुंडों और अपराधियों में पुलिस का खौफ लगभग समाप्त होता नजर आ रहा है। नियम के तहत गश्त होती है, पुलिस वाहन भी सड़कों पर दिखाई देते हैं, लेकिन इसके बावजूद असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हैं। यही कारण है कि चोरी, मारपीट, धमकी और खुलेआम गुंडागर्दी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले पुलिस की सख्ती का नाम सुनते ही अपराधी सहम जाते थे, लेकिन अब हालात बिल्कुल उलट हैं। अपराधियों को न तो पुलिस का डर है और न ही कानून का। दिन-दहाड़े घटनाओं को अंजाम देना और बेखौफ होकर शहर में घूमना इस बात का प्रमाण है कि पुलिसिंग का प्रभाव जमीन पर नजर नहीं आ रहा। हालांकि पुलिस प्रशासन दावा करता है कि नियमित गश्त और निगरानी की जा रही है, लेकिन सवाल यह है कि जब गश्त के बाद भी अपराध थम नहीं रहे, तो उसकी प्रभावशीलता पर प्रश्नचिन्ह लगना स्वाभाविक है।

किसान 15 तक नया...
समितियों में जाकर पंजीयन एवं संशोधन की प्रक्रिया पूर्ण कर लें। साथ ही खरीफ में बोई गई फसलों जैसे मक्का, दलहन, तिलहन आदि का भी पंजीयन एकीकृत किसान पोर्टल में कराना आवश्यक बताया गया है, जिससे किसान उन्नति योजना अंतर्गत प्रति एकड़ 10,000 रूपये की अनुदान सहायता का लाभ ले सकें। पंजीयन से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या होने पर किसान अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, पटवारी अथवा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

दो महीने में ...
से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने ओडिशा की ओर से अवैध रूप से धान लेकर आ रहे बोलेरो पिकअप वाहनों पर कार्रवाई की। देवभोग क्षेत्र से बोलेरो पिकअप वाहन क्रमांक ओडी -08-एम -3263 एवं सीजी-13- डी -1250 में 60-60 कट्टा तथा वाहन क्रमांक सीजी -04-जे -8371 में 50 कट्टा धान जप्त किया गया। इस दौरान कुल 170 कट्टा, 71.5 क्विंटल धान एवं तीन चार पहिया वाहन जप्त किए गए। इसी प्रकार विगत दो माह 04 दिवस में थाना देवभोग, अमलीपदर, इंदागांव एवं छुरा क्षेत्र में कुल 83 प्रकरणों में 8528 कट्टा अवैध धान पकड़ा गया। जांच के दौरान धान परिवहन एवं बिक्री से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई कर जप्त धान को संबंधित विभाग को सुपुर्द किया गया है। गरियाबंद पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध धान परिवहन एवं बिक्री के विरुद्ध यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

मकर संक्रांति पर...
चांवल और वस्त्रों का दान किया जाता है। मान्यता है कि इस समय किया गया दान कई गुना पुण्य देता है।

इलाज में बिकी...
रही हैं। पीड़ित परिवार तहसील और परियोजना कार्यालय के चक्कर काट-काट कर थक चुका है, लेकिन उन्हें सिर्फ 'तारीख' मिल रही है। जगत राम भुंजिया, पीड़िता के पति ने कहा की मेरे पास खेती नहीं है, हम दोनों मजदूरी से पेट पालते थे। अब पत्नी चल नहीं सकती, मुझे उसे अपनी पीठ पर उठाकर ले जाना पड़ता है। शासन से अभी तक एक पैसे की मदद नहीं मिली। जब इस संबंध में आदिवासी विकास परियोजना के परियोजना अधिकारी लोकेश पटेल से उनका पक्ष जानने के लिए संपर्क करने की कोशिश की गई, तो उन्होंने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा। लाखों-करोड़ों की विकास योजनाओं और विशेष प्राधिकरणों का क्या औचित्य है, जब एक विशेष जनजाति की महिला को दुर्घटना के बाद बुनियादी सहायता और कृत्रिम अंग के लिए भी सिस्टम से लड़ना पड़ रहा है? क्या जिला प्रशासन इस परिवार की सुध लेगा या फाइलों का बोझ इस गरीब परिवार की कमर तोड़ता रहेगा?

एआई और ट्रैकिंग...
में तत्काल सूचना भेजी जाती है। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से हाथियों की निगरानी और ग्रामीणों को समय रहते सतर्क करने का कार्य किया गया।

अंधेरे में डूबे 55...
का न पहुँचना है। ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि एक ओर गांवों में अंधेरा है, वहीं दूसरी ओर राशन दुकानों से मिलने वाला मिट्टी तेल (केरोसिन) भी बंद कर दिया गया है। ऐसे में आदिवासी परिवार दोहरी मार झेलने को मजबूर हैं। घने जंगलों के बीच बसे इन गांवों में बिना रोशनी के जीवन व्यतीत करना अब असहनीय हो गया है।

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी फिंगेश्वर जिला गरियाबंद (छ.ग.)

// ईश्तहार //

क्रमांक/Q/तह. / रीडर /2025

फिंगेश्वर, दिनांक 09.01.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक डेरहा राम निषाद पिता बरातू निषाद जाति केवंट निवासी फिंगेश्वर प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. फिंगेश्वर, तहसील फिंगेश्वर, जिला गरियाबंद (छ.ग.) ने इस न्यायालय में आवेदन पेश कर अपने माँ दुलौरिन बाई पति बरातू निषाद की मृत्यु दिनांक 04.04.2009 को ग्राम फिंगेश्वर में हुआ है। जिसकी जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग किया है। जिसका नियत तिथि 23.01.2026 को नियत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 23.01.2026 तक उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

ईश्तहार आज दिनांक 09.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के शील मोहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी फिंगेश्वर जिला गरियाबंद (छ.ग.)

सुदामा चरित्र सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

मानव जीवन में संयम, त्याग और संतोष ही सच्चा धर्म : पं. वेदप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

ग्राम जेन्जरा के साहू परिवार द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में भव्यता के साथ संपन्न हो रहा है। कथा के आठवें दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर कथा अमृत का पान किया। कथा व्यास आचार्य पं. वेदप्रकाश पांडेय ने भगवान दत्तात्रेय के चौबीस गुरुओं के प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि प्रकृति की हर वस्तु हमें कुछ न कुछ सिखाती है। मानव जीवन में संयम, त्याग और संतोष ही सच्चा धर्म है। वहीं, जब सुदामा चरित्र का प्रसंग शुरू हुआ, तो पांडाल में उपस्थित श्रद्धालु भावुक हो उठे। आचार्य ने भगवान कृष्ण और सुदामा की मित्रता के माध्यम से सादगी, निस्वार्थ प्रेम और निष्काम भक्ति के आदर्श को मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया। मधुर भजनों की प्रस्तुति पर भक्त झूमने को मजबूर हो गए।

समाज में संस्कारों का संचार करते हैं ऐसे आयोजन

इस पावन अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू विशेष रूप से शामिल हुए। उन्होंने आयोजक साहू परिवार को बधाई देते हुए कहा कि भागवत कथा जैसे आध्यात्मिक आयोजन समाज में सद्भाव और नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं। इनसे नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और संस्कारों को जानने का अवसर मिलता है। आयोजन को सफल बनाने में चमन दास, गजानंद साहू, गौतम साहू, प्रमोद साहू और करण साहू परिवार सहित समस्त ग्रामवासियों का सक्रिय योगदान रहा। कथा श्रवण के लिए महेश साहू, झंगूराम साहू, टीकाराम साहू सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

विधायक ने ली जीवनदीप समिति की बैठक, 20 प्रस्तावों पर लगी मुहर

नवापारा-राजिम। शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जीवनदीप समिति की बैठक समिति के अध्यक्ष एवं विधायक इंद्रकुमार साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पिछले 7 अप्रैल 2025 को समिति के साधारण सभा के बैठक में की गई कार्य प्रस्तावित क्रियान्वयन हेतु स्वीकृत लेने,एजेंडा 4,5,8,17,19,20 21,27 कार्य प्रारंभ हेतु,मरच्युरी कक्ष के समीप टीन शेड निर्माण,गेट एवं बैठने की व्यवस्था सहित सहित 20 प्रस्ताव पर चर्चा की गई। बैठक में जनपद अध्यक्ष चंद्रिका बंजारे, नगर पालिका अध्यक्ष ओम कुमारी साहू,जनपद सदस्य वर्षा मिश्रा, जीवनदीप समिति के सदस्य नागेंद्र वर्मा, संजय साहू, डॉ. लीलाराम साहू, दिनेश सांखला, सचिन सचदेव, मुकुंद मेश्राम, साधना सौरज, पद्मिनी सोनी, सरपंच संघ जिला अध्यक्ष मुकेश ढीढी, धनमती साहू, राजू रजक, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ.तेजेंद्र साहू, स्वास्थ्य केंद्र के सभी स्टाफ गण मौजूद रहे। बैठक के दौरान आगामी दिनों में सेवानिवृत होने वाले तथा स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्ट सेवा प्रदान के लिए ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक श्रीमती प्रमिला साहू एवं सुपरवाइजर एस पाल का मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मान किया गया। बैठक में अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं, मरीजों की सहूलियत को लेकर भी चर्चा की गई। वहीं स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार, दवाइयों तथा उपकरण की व्यवस्था वअन्य विषयों पर विधायक ने व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए।

आत्मबल, आत्मशक्ति और कर्म हैं सफलता के मूल मंत्रः कुलपति

आईएसबीएम विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

स्वामी विवेकानंद की जयंती के पावन अवसर पर आईएसबीएम विश्वविद्यालय छुरा में 'राष्ट्रीय युवा दिवस' का अत्यंत भव्य, अनुशासित एवं प्रेरणादायक आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूरा परिसर राष्ट्रभक्ति और विवेकानंद के ओजस्वी विचारों से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रनिर्माण की भावना जागृत करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत और अन्नपूर्णा साहू द्वारा प्रस्तुत भावविभोर 'विवेकानंद वंदना' से हुआ। सुश्री साहू ने स्वामी के संघर्षपूर्ण जीवन, उनकी कठोर साधना और युवाओं के प्रति उनके अटूट विश्वास को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। डॉ. विश्वनाथन (अधिष्ठाता, विज्ञान) उन्होंने स्वामी विवेकानंद को केवल एक संत नहीं, बल्कि एक राष्ट्रनिर्माता बताया। अकादमिक अधिष्ठाता व आईक्यूएसी निदेशक उन्होंने जोर दिया कि कार्यों की महानता ही व्यक्ति को महान बनाती है। उन्होंने 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए नवाचार और स्टार्टअप को बढ़ावा देने की बात कही। डॉ. मनीष उपाध्याय (परीक्षा नियंत्रक) उन्होंने विद्यार्थियों को धैर्य और निरंतर अभ्यास की सीख देते हुए कहा कि असफलता ही सफलता की पहली सीढ़ी है। कुलसचिव उन्होंने युवाओं को राष्ट्र की नींव बताते हुए उन्हें कर्मठ और साहसी बनने का संदेश दिया।

भूमिका पर प्रभावी विचार रखे

मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कुलपति ने कहा कि आज भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। उन्होंने युवाओं को तीन मूल मंत्र दिए आत्मबल, आत्मशक्ति और कर्म। उन्होंने प्रेरित करते हुए कहा कि सकारात्मक सोच और दृढ़ निश्चय के साथ युवा भारत को विश्व की सबसे बड़ी शक्ति बना सकते हैं। इसके पश्चात लक्ष्मीकांत सिन्हा ने राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर प्रभावी विचार रखे, जिससे विद्यार्थियों में नई ऊर्जा का संचार हुआ।

कुशल संचालन और आभार प्रदर्शन

पूरे कार्यक्रम का गरिमामयी और सुस्पष्ट संचालन सुकृति पाठक द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में संयोजक एवं आईआईसी सचिव टेकेश्वर कौशिक ने सभी अतिथियों, प्राध्यापकों और विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन युवाओं को विवेकानंद के पथ पर चलकर राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करने का एक सशक्त प्रयास है।

विडंबना : एक कमरे में 15 शाखाओं का भार, चूहे और बारिश का डर

49 साल से किराए और कतरन के भरोसे डाक सेवा, जर्जर कमरे में चल रहा 15 शाखाओं का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

केंद्र सरकार की डिजिटल इंडिया और डाकघर आपके द्वार जैसी योजनाओं के शोर के बीच मैनपुर तहसील मुख्यालय का उप डाकघर अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। सन-1977 से संचालित हो रहे इस डाकघर को 49 साल बीत जाने के बाद भी आज तक स्वयं का भवन नसीब नहीं हो पाया है।

वर्तमान में यह जनपद पंचायत के एक बेहद छोटे और जर्जर कमरे में संचालित हो रहा है, जहाँ सुविधाओं के नाम पर सिवाए अव्यवस्था के कुछ नहीं है। विदित हो कि मैनपुर उप डाकघर के अंतर्गत धवलपुर, कुल्हाड़ीघाट, शोभा, इंदागांव सहित कुल 15 शाखा डाकघर बीपीओ आते हैं। तहसील मुख्यालय होने के कारण यहाँ रोजाना सैकड़ों हितग्राहियों की भीड़ उमड़ती है। मात्र एक कमरे में उप डाकपाल और अन्य कर्मचारी बैठते हैं। जगह इतनी कम है कि सरकारी दस्तावेजों को सुरक्षित रखना चुनौती बन गया है। यहाँ चूहों का आतंक है और बारिश में छत से पानी टपकने के कारण रिकॉर्ड खराब होने का खतरा बना रहता है। यहाँ पहुंचने वाले ग्रामीणों के लिए न तो बैठने की व्यवस्था है, न छांव की और न ही शौचालय व पेयजल की सुविधा। भीषण गर्मी और बारिश में बुजुर्ग हितग्राही खुले आसमान के नीचे खड़े रहने को मजबूर हैं।

डेढ़ दशक पहले मिला उप डाकघर का दर्जा, पर नहीं बदली किस्मत

मैनपुर को लगभग 15 वर्ष पहले उप डाकघर का दर्जा तो दे दिया गया, लेकिन इसके लिए नया भवन स्वीकृत नहीं किया गया। पहले यह निजी भवन में और अब पिछले 15 सालों से जनपद पंचायत के एक अतिरिक्त पुराने कमरे में 'अस्थायी' रूप से चल रहा है। कई बार मांग के बावजूद विभाग के उच्च अधिकारियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। इस समस्या को लेकर जनपद अध्यक्ष मोहना नेताम, भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष यादव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव सहित योगेश शर्मा, नंदकुमारी राजपूत और अन्य जनप्रतिनिधियों ने कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल (रायपुर) से मांग की है कि आदिवासी बहुल इस क्षेत्र के महत्व को देखते हुए तत्काल सर्व सुविधायुक्त नया भवन निर्माण कराया जाए।

कराएं है अवगत

यह डाकघर वर्तमान में किराए के एक कमरे में संचालित हो रहा है। जगह की भारी कमी है, जिसके कारण विभागीय दस्तावेजों को सुरक्षित रखना बहुत मुश्किल होता है। हमने इस समस्या और नए भवन की आवश्यकता से उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया है।

- **हरिशंकर ध्रुव,** उप डाकपाल, मैनपुर

छुरा जपं में उबाल, प्रभारी सीईओ के खिलाफ लामबंद हुए जनप्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

सामान्य प्रशासन की बैठक में प्रभारी सीईओ के कार्यप्रणाली से नाराज़ होकर बैठक छोड़कर बाहर निकलकर जनपद उपाध्यक्ष कुलेश्वर सोनवानी एवं सभापतियों ने बताया कि दस महीने में जितने भी प्रस्ताव हुआ है जनपद पंचायत छुरा की बैठक में एक भी प्रस्ताव पर प्रभारी सीईओ सतीष चन्द्रवंशी ने कोई कार्यवाही नहीं किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना में भ्रष्टाचार उजागर हुआ है मिडिया के द्वारा जिला प्रशासन द्वारा सतीष चन्द्रवंशी के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं होना संदेह के घेरे में है, जनपद पंचायत बैठक में जो भी लिखीत जानकारी सदस्यों को दिया जाता है जिसमें सीईओ का हस्ताक्षर नहीं रहता है। सतीष चन्द्रवंशी के कार्यकाल में त्रि-स्तरीय पंचायती राज में जनपद पंचायत के जनपद सदस्यों के आवेदन पर विचार नहीं करते, जनपद पंचायत छुरा भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है फर्जी बिल व्हाऊचर से लाखों रुपए का आहरण कर हजम कर रहे हैं। सरपंच सचिव जनपद पंचायत के वसूली से परेशान हैं, जनपद पंचायत में वाहन ब्यय के नाम पर फर्जी आहरण, एवं छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने जिस नियुक्ति कों रद्द कर दिया था उसे कुछ दिनों के लिए सेवा मुक्त कर पुनः काम में ले लिया। हाईकोर्ट का आदेश को दरकिनार कर दिया। सतीष चन्द्रवंशी को हटाया नहीं गया तो जनपद पंचायत को खोखला कर देगा। शासन-प्रशासन को संज्ञान में लेकर तत्काल हटा देना चाहिए। सतीष चन्द्रवंशी प्रभारी सीईओ भाजपा के जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधियों को परेशान कर रहा है। जनपद पंचायत के सभी जनपद सदस्यों ने मुख्यमंत्री एवं भाजपा अध्यक्ष से मिलकर प्रभारी सीईओ एवं जिला प्रशासन की निरंकुशता को प्रमुखता से रखेंगे। समय पड़ने पर सरपंचों के समर्थन पर धरना प्रदर्शन भी किया जायेगा।

खबर संक्षेप

कुण्डेल संग्रहण केंद्र में नियमों की कसावट

छुईहा बेलर। धान संग्रहण केन्द्र कुण्डेल प्रभारी लाकेश टोडेकर द्वारा केन्द्र में कार्यरत सभी पर नियमों की कसावट का लाई है, जिसका मुख्य उद्देश्य पारदर्शिता, जवाबदेही और अनियमितताओं पर रोक लगाना है। आगे यहां कार्यरत व्यवस्था में गड़बड़ी करने वालों पर सख्त कार्रवाई हो सके।
उल्लेखनीय है 29 दिसंबर को संग्रहण केन्द्र से बाहर 11 कट्टा धान लवारिस हालत में मिला, प्रभारी की सतर्कता से तड़के सुबह विजिट पर देखा तो धान कट्टा यथा स्थल व्यवस्थित किया और चौकीदार को सक्त हिदायत दी गई।

पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

महासमुंद। पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट के मामले में सिटी कोतवाली में आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। कुम्हारपारा निवासी संतोष निषाद 11 जनवरी की सुबह 9.30 बजे घूमने निकला थ। इसी बीच युवक के पिता को बिरकोनी निवासी उसके भतीजे पंचराम निषाद ने फोन पर बताया कि भावेश के साथ भावेश निषाद एवं योगेश चंद्राकर को परसवानी रोड 9 एम कंपनी के सामने ग्राम बिरकोनी के रंजीत सतनामी ने अपने साथियों के साथ पुरानी बात को लेकर मारपीट किया है।

निधन

बैशाखू राम वर्मा

श्यामनगर। ग्राम धूमा निवासी बैशाखू राम वर्मा (85) का 11 जनवरी को निधन हो गया।

दिवंगत बैशाखू राम वर्मा का अंतिम संस्कार ग्राम धूमा स्थित मुक्ति धाम में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं परिजन शामिल हुए।

लीलाराम साहू

पाण्डुका। ग्राम कुरूद निवासी लीलाराम साहू उम्र 56 वर्ष का सोमवार को निधन गया।

जिसका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। वे रूखमणि साहू के पति, विक्रम साहू के पिता और चुम्मन साहू, चैनसिंग साहू, जिनेन्द्र साहू के बड़े भाई थे।

राम प्यारे साहू

श्यामनगर। ग्राम कुरुसकेरा निवासी राम प्यारे साहू का दुःखद निधन हो गया है। वे योगेन्द्र साहू, कौशल साहू एवं चेतन साहू के पिता तथा दुर्वासा साहू, नारद साहू एवं पुराणिक साहू के बड़े भाई थे।

उनके निधन से परिवारजनों एवं ग्रामवासियों में शोक की लहर व्याप्त है। दिवंगत आत्मा की शांति हेतु परिजन एवं शुभचिंतक ईश्वर से प्रार्थना कर रहे हैं।

खुले में बिखरा कीटनाशक दे रहा हादसों को न्योता, मुख्यालय से नदारद रहते हैं अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर स्थित कृशि विभाग के लापरवाही के चलते कभी कोई बड़ी दुर्घटनाएं एवं अनहोनी होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता लेकिन संबंधित विभाग के जिम्मेदार अफसरों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ज्ञात हो कि मैनपुर जनपद पंचायत कार्यालय के सामने कृषि विभाग का कार्यालय है और कार्यालय के ठीक बगल में गोदामनुसा भवन है इस भवन में चैनल गेट और चैनल वाली लोहे के खुले खिड़की लगी हुई है। ज्ञात हो कि इस भवन में कीटनाशक दवा यत्र -तत्र बिखरे पड़े हुए है और दवा तथा बीज जहां एक ओर रख रखाव के अभाव में खराब हो रहे है तो वहीं दूसरी ओर बीज और कीटनाशक दवा खिड़की तक भरा हुआ है कोई भी बच्चा हाथ डालकर आसानी से दवा निकाल सकता है। इस कृषि कार्यालय में वाउंड्रीवाल नहीं हुआ है चारों तरफ खुला है आसपास बच्चे खेलते रहते है और तो और नजदीक ही स्कूल है। बड़ी संख्या मे बच्चे और युवा इस कार्यालय के आसपास देर शाम तक देखे जा सकते है कृषि विभाग द्वारा लापरवाहीपूर्वक रखे गए कीटनाशक दवा यदि किसी के द्वारा आसानी से निकालकर इसका दुरूपयोग किया गया तो यह लापरवाही भारी पड़ सकती है। पूर्व में भी इसकी शिकायत आसपास निवास करने वाले लोगों ने किया था साथ ही कृषि विभाग के इस गोदाम में लोहे की राड़ वाली खिड़की में जाली लगाने की मांग किया गया था लेकिन इस ओर संबंधित विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिया गया शायद विभाग कोई दुर्घटना का इंतिजार कर रहा है जिसके चलते लोगो में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है।

कृषि विभाग के अधिकारी नहीं रहते मुख्यालय पर किसान हो रहे परेशान

कृषि विकास अधिकारी नहीं रहते मुख्यालय में, किसान हो रहे परेशान

छत्तीसगढ़ के भाजपा सरकार द्वारा दलहन तिलहन के रूप में किसानो को चना, मटर, मूंग, सरसो जैसे फसलों को लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है और इसके लिए बकायदा पिछले दिनों मैनपुर में गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उइके एवं कृषि विभाग के उपसंचालक चंदन राय किसानों की बैठक लेकर दलहन तिलहन फसल लेने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया और उन्हे विभाग की तरफ से खाद बीज दलहन तिलहन की बीज उपलब्ध कराने के साथ ही एमएसपी दर पर खरीदी करने की जानकारी दी साथ ही कृषि विभाग के द्वारा हर संभव सहयोग करने की बात कही थी ठीक इसके विपरीत तहसील मुख्यालय मैनपुर कृषि विभाग उच्च अधिकारियों के आदेशों को दरकिनार करते नजर आ रहा है।

दवाइयों को व्यवस्थित किया जाए

मैनपुर क्षेत्र के किसानों ने गरियाबंद के कलेक्टर भगवान सिंह उइके एवं कृषि विभाग के उपसंचालक चंदन राय से मांग किया है कि मैनपुर में कृषि विभाग के अधिकारी को नियमित रूप से सेवा देने का निर्देश जारी किया जाए साथ ही कृषि विभाग के गोदाम में लापरवाहीपूर्वक रखे गए कीटनाशक दवाइयों को व्यवस्थित किया जाए और लोहे वाले खिड़कियों में जालिया लगाई जाए ताकि भविष्य में कोई अनहोनी न घट सके। कृषि विभाग गरियाबंद के उपसंचालक चंदन राय ने बताया की कल गरियाबंद में बैठक था इसलिए मैनपुर के अधिकारी गरियाबंद आया हुआ था लेकिन बाकी दिन कैसे मैनपुर नहीं पहुंचा निर्देशित करता हूं।

समस्या : ग्रामीणों ने कहा अधूरी पड़ी पेयजल योजनाओं को तत्काल पूरा किया जाए

समय से पहले सूखे नदी-नाले, रसेला में जल संकट की आहट, जल जीवन मिशन 6 साल बाद भी अधूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

अभी गर्मी ने दस्तक भी नहीं दी है, लेकिन जनवरी माह में ही क्षेत्र के नदी-नालों का सूखना शुरू हो गया है। जलस्तर गिरने से न केवल पेयजल, बल्कि मवेशियों के निस्तार और रबी की फसल के लिए भी पानी का संकट गहराने लगा है। एक तरफ प्रकृति साथ नहीं दे रही, तो दूसरी तरफ सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएं कछुआ गति से चल रही हैं। केंद्र सरकार की 'जल जीवन मिशन' योजना, जिसे 2021 में शुरू कर 2023 तक पूर्ण होना था, रसेला अंचल में 6 साल बीतने (योजना की घोषणा अवधि से) के बाद भी अधूरी है। **लादाबाहरा और फूलबाहरा** – यहां पिछले 5 सालों से पानी टंकी का काम लटका हुआ है। **सुरगपानी** -यहां टंकी तो बन गई है, लेकिन ग्रामीणों को आज तक एक बूंद पानी नसीब नहीं हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि अब उन्हें नल से जल के लिए और कितना इंतजार करना पड़ेगा, यह शायद भगवान ही जानता है।

भावी पीढ़ी के भविष्य पर सवाल

क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों जनपद सदस्य बिमला नागेश, नारायण सिन्हा, सरपंच तुलेश्वर ध्रुव सहित अन्य ग्रामीणों ने इस स्थिति पर गहरी चिंता जताई है। उनका कहना है कि हम वर्तमान संकट से तो जैसे-तैसे निपट रहे हैं, लेकिन क्या प्रशासन और समाज हमारी आने वाली पीढ़ी को इस भीषण संकट से बचाने के लिए गंभीर है? यह एक बड़ा सवाल है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि अधूरी पड़ी पेयजल योजनाओं को तत्काल पूरा किया जाए और जल संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

सिमटते जल स्रोत और वन कटाई का असर

पुराने समय को याद करते हुए ग्रामीण बताते हैं कि 15-20 साल पहले नदियों में साल भर पानी रहता था। लेकिन आज स्थितियां बदल चुकी हैं। नदी-नालों के किनारे रबी फसल के लिए अत्यधिक बोर खनन से वाटर लेवल पाताल में चला गया है। वनाधिकार पट्टों के चक्कर में जंगलों की कटाई हुई, जिससे छोटे नाले जो कभी वन्यजीवों की प्यास बुझाते थे, अब खेतों में तब्दील हो चुके हैं। यही कारण है कि प्यासे जंगली जानवर अब गांवों की ओर रुख कर रहे हैं। प्रशासन ने जल संरक्षण के लिए डबरी और डायवर्सन तो बनवाए, लेकिन रख-रखाव के अभाव में अधिकांश में बूंद भर पानी नहीं है।

रसेला में अवैध ईंट भट्टों का सरकारी जमीन पर कब्जा, प्रशासन मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

क्षेत्र में शासकीय भूमि पर और राजस्व भूमि पर मनमाने ढंग से हो रहा है ईट का निर्माण इधर शासन प्रशासन मौन है। अंचल में बिना अनुमति के लाल ईट निर्माण जोरो से पल फूल रहा है। और संबंधित अधिकारियों को नजर ही नहीं आ रहे हैं। ईट निर्माण के साथ ही हरे भरे पेड़ की कटाई भी हो रही है, छोटे बड़े हरे पेड़ों को काटा जा रहा है, पेड़ों को काटने से पर्यावरण मे असर पड़ रहा है। अवैध ईट निर्माण करने वाले के द्वारा किसी प्रकार से अनुमति नहीं लिया गया है। साथ ही संबंधित विभाग भी कुंभकर्णी नींद में सोएं हुए हैं, क्षेत्र में ऐसे भी हैं जहां मेन सडक से ही ईट निर्माण करने वाले नजर आ रहे हैं फिर भी प्रशासन के लिए गंभीर सवाल पैदा करने वाली बात है। इन अवैध ईट भट्टे से लाखों रुपए की राजस्व का नुकसान हो रहा है। नियम अनुसार ईट निर्माण के लिए विभाग से हर साल अनुमति लेना जरूरी है। लेकिन कोई भी आज तक एक बार अनुमति लेना जरूरी नहीं समझ रहे हैं। इस तरह से अवैध रूप से संचालन हो रहा है। खनिज विभाग के अंतर्गत आने वाले इस कार्य को लेकर राजस्व विभाग के अधिकारी भी कार्यवाही के नाम चुप्पी साधे हुए हैं। भट्टे से निकलने वाले धूल और धुएं के कारण पर्यावरण ही नहीं बल्कि जमीन व खेत की उपजाऊ पन भी नष्ट होने से जमीन बंजर होती जा रही है। सवाल यह है कि लोगों को इतना भी डर नहीं है कि शासकीय भूमि पर अपना राजस्व भूमि समझकर अवैध ईट कारोबार बिना किसी रोक टोक के कर रहे हैं। लेकिन प्रशासन इन अवैध ईट निर्माण पर अंकुश लगाने में सफल नहीं हो पा रहा है। न ही किसी प्रकार की कोई कार्रवाई कर रहे हैं। यह सिलसिला हर वर्ष देखने को मिलता है। वहीं विभाग की ओर से कार्रवाई नहीं होने के कारण ईट निर्माण का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। अब देखने वाली बात होगी आने वाले समय में कार्यवाही होती है या खानापूर्ति किया जाएगा।

इस संबंध में तहसीलदार गैदलाल साहू ने कहा कि अवैध ईट निर्माण करने वाले पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

कुमकुम बनीं प्रदेश की बेस्ट महिला लिफ्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

23वीं राज्य स्तरीय सीनियर महिला एवं पुरुष वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में नगर की वेटलिफ्टर कुमकुम ध्रुव ने एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया तथा प्रदेश की बेस्ट महिला लिफ्टर का खिताब भी अपने नाम किया विदित हो कि जिला गरियाबंद भारोत्तोलन संघ की ओर से इस प्रतियोगिता में 4 खिलाड़ियों कुमकुम ध्रुव देवकुमार निषाद एवं देवेंद्र कुमार ठाकुर ने भाग लिया जिसमें कुमकुम ने 48 किग्रा भारवर्ग में स्नैच 60 किग्रा क्लीन एंड जर्क 80 किग्रा उठाकर यह उपलब्धि हासिल किया अल्प संसाधन एवं आर्थिक तंगी के बदौलत भी उनके द्वारा सब जुनियर जुनियर और अब सीनियर वर्ग में महिला बेस्ट लिफ्टर का खिताब अपने नाम करना किसी चमत्कार से कम नहीं। कुमकुम उनकी इस उपलब्धि पर यशवंत यादव जिलाध्यक्ष भारोतोलन संघ गरियाबंद, हीरालाल साहू सचिव मुख्य, कोच प्रमोद कुमार ठाकुर, शीतल ध्रुव कोच, मैनेजर सहसचिव भोलेशंकर जायसवाल, कोषाध्यक्ष सहित टंकेश्वर मरकाम, शिव ठाकुर, राजकुमार लहरे रेवेन्द्र दीक्षित, अर्जुन धनंजय सिन्हा, राजेश्वरी ठाकुर, खेमिन पटेल, पुराणिक नागेश, नीलकंठ ठाकुर, छतर सिंह ठाकुर, डोमेश्वर ध्रुव पीटीआई, भूपेंद्र ध्रुव, रूपनाथ, लुकेश्वर वकील, पुनीत ठाकुर, तोकेशवरी मांझी, जनपद सीईओ, जनपद अध्यक्ष मीराठाकुर, नगर अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद, नगर अधिकारी नगर पंचायत में ने बधाई शुभकामनायें प्रेषित की है। ज्ञात हो कि तीन-चार वर्षो में भारोत्तोलन प्रतियोगिता में गरियाबंद जिले कि एक अलग पहचान रही है, पहली बार स्कूली खेलकूद में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के लिए रजत से पदक दिलाने वाले कुमकुम ध्रुव रही है इनके अलावा उनके ग्रुप में और कई खिलाड़ी जो अपने-अपने वजन में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया की है किंतु प्रशासन द्वारा इन खिलाड़ीओ को कोई भी सहयोग नहीं किया गया जिसकी वजह से अन्य खिलाड़ी तैयार नहीं हो रहा, जिला प्रशासन से मांग की है कि स्थानीय खिलड़ियों को डाइट सहित संसाधन उपलब्ध कराए एवं साथ ही सभी से वेटलिफ्टिंग के लिए विशेष छात्राओं का चयन प्रशिक्षण दिया जाए तो निश्चितरूप प्रदेश के लिए मेटल में अपना स्थान बनाएंगे।

शोक-पत्र

स्व. श्री लीलाराम साहू

एक मोती थे जीवन रूपी सागर में।
कहाँ ढूंढे हम तुम्हे स्मृतियों के महासागर में ॥

विधि के विधान के आगे हम सब नतमस्तक है, अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि स्व. कार्तिक राम साहू के बड़े सुपुत्र **श्री लीलाराम साहू** का आकस्मिक स्वर्गवास दिनांक 12.01.2026, सोमवार को हो गया है। अतः इस दुःखद समय में उपस्थित होकर ब्रम्हलीन आत्मा को शांति प्रदान करे।

:: तीजनाहवन एवं समस्त कार्यक्रम ::

दिनांक- 14.01.2026, दिन- बुधवार, तालाब कार्यक्रम- 12 बजे से.....
कार्यक्रम स्थल- बस स्टैंड कुरूद (पांडुका)
नोट - 11 जनवरी से 19 जनवरी श्रीमद् भागवत महापुराण कार्यक्रम प्रारंभ हो गया था। अत: आकस्मिक दुर्घटना हो जाने के कारण यह श्रीमद् भागवत महापुराण कार्यक्रम 10 जनवरी 2027 आने वाले नये वर्ष में प्रारंभ होगा।

:: शोकाकुल परिवार ::
बिसनाथ राम, भागवत, डोमनलाल
भोजराम, दिनेश, दीपक, ताम्रध्वज, जयंत, तरुण,
नागेन्द्र, गौकरण, दुर्गेश, नुतन, हेयांश, यशकुमार,
अजय, मयंक एवं समस्त साहू परिवार ।

:: विनीत ::
रुखमणी बाई साहू (पत्नि)
विक्रम साहू (पुत्र)
चुम्मन साहू (भाई), चैनसिंग साहू (भाई)
जिनेन्द्र साहू (भाई) ग्राम-कुरूद (पांडुका)
मो.नं.-7974218176,9340378900

नोट- जिस किसी भी सज्जनों को शोक पत्र नही मिला हो, कृपया इसे ही शोक पत्र समझे।